चल एक बार साई बाबा के द्वार | By Sunil Sarvottam

चल एक बार साई बाब के द्वार
तेरा हर एक काम सफल होगा
चल एक बार साई बाब के द्वार
तेरी हर मुश्किल का हल होगा
चल एक बार साई बाबा के द्वार.....

बिगड़ी बात बनाये वो टूटे रिश्ते जोड़े
वादा करता है जो भी उन वादों को ना तोड़े
डूबो को उबारे वो खाली हाथ ना छोड़े
हारो का बने सहारा वो साथ कभी ना छोड़े
और खाली हाथ ना मोड़े
होगी ना हार साई बाबा के द्वार
तेरा हर एक काम सफल होगा
तेरी हर मुश्किल का हल होगा
चल एक बार साई बाबा के द्वार.....

साई बाबा के द्वारे आये जो गम के मारे
दरशन करके बाबा के हो जाये वारे न्यारे
सच्चे मन से जो भी बाबा का नाम पुकारे
उन भक्तों के बाबा भी सारे ही काज सँवारे
और खूब भरे भंडारे
होगा उद्धार साई बाबा के द्वार
तेरा हर एक काम सफल होगा
तेरा हर एक काम सफल होगा
चल एक बार साई बाबा के द्वार.....

शिरडी में आते ही सब रोग दोष कट जाएँ
कोई चिंता नहीं सताए गम के बादल छंट जाए
बाबा के हाथों से जल से दीपक जल जाए
बाबा की किरपा से दु:ख दर्द सभी मिट जाएँ
दु:ख दर्द सभी मिट जाएँ.....
हो बेडा पार साई बाबा के द्वार
तेरा हर एक काम सफल होगा
तेरी हर मुश्किल का हल होगा
चल एक बार साई बाबा के द्वार.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a4%b2-%e0%a4%8f%e0%a4%95-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%88-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0-by/